● सीधी, सिंगरौली,मऊगंज, रीवा एवं भोपाल से एक साथ प्रकाशित ● website-https://vindhyatiger.in ● epaper-https://epaper.vindhyatiger.in ● वर्ष : 36, अंक 214, पृष्ठ : 08, सीधी, सोमवार, 16 सितम्बर 2024 - मूल्य : 2.00 रुपया मात्र



दैनिक समाचार पत्र

# विन्ध्य टाइगर

हक की बात, बुलंदी के साथ



जम्मू कश्मीर के मामले में सरकार पूरी तरह विफल 5

टीम इंडिया से कटने वाला शुभमन गिल का पत्ता? 6

## झामुमो के लोग बांग्लादेशी और रोहिंग्या घुसपैठियों के साथ : पीएम

**रांची।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को झारखंड के जमशेदपुर में विशाल जनसभा को संबोधित किया। खराब मौसम और भारी बारिश की वजह से पीएम मोदी सड़क मार्ग से यहां पहुंचे। उन्होंने झारखंड की मौजूदा गठबंधन की सरकार पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा, झारखंड के तीन सबसे बड़े दुश्मन हैं- झारखंड मुक्ति मोर्चा, राष्ट्रीय जनता दल और कांग्रेस। झारखंड के निर्माण का बदला आज भी राजद झारखंड से उतारती है और कांग्रेस को तो झारखंड से नफरत है ही। ये झामुमो वाले, जिन्होंने आदिवासियों के वोट से अपनी राजनीति चमकाई, आज वो किसके साथ खड़े हैं? ये लोग आदिवासियों के जंगल जमीन पर कब्जा करने वालों के साथ हैं।



उन्होंने कहा कि झामुमो के लोग बांग्लादेशी और रोहिंग्या घुसपैठियों के साथ खड़े हैं। ये घुसपैठिए और कट्टरपंथी झामुमो को भी अपने कब्जे में लेते जा रहे हैं। इनके लोग झारखंड मुक्ति मोर्चा के भीतर भी घुस गए हैं। जानते हैं ऐसा क्यों हुआ? क्योंकि झामुमो में कांग्रेस का भूत घुस गया है। जब किसी पार्टी में कांग्रेस का भूत घुस जाता है, तो तुष्टिकरण ही उस दल का इकलौता एजेंडा बन जाता है। इसके लिए सबसे पहले ये लोग दलित, आदिवासी और पिछड़ा समाज के हितों की बलि चढ़ाते हैं। यही हाल झामुमो का भी हो रहा है।

इससे पहले पीएम मोदी ने कहा कि बारिश कितनी ही तेज क्यों न हो, रुकावटें कितनी ही ज्यादा क्यों न हो, लेकिन कोई भी रुकावट मुझे आपसे अलग नहीं कर सकती है। मैं आपके दर्शन किए बिना वापस नहीं जा सकता हूं, इसलिए सड़क मार्ग से ही आप सबके दर्शन करने पहुंच गया। क्रांति और बलिदानों की ये धरती, भगवान बिरसा मुंडा के तप, त्याग और आशीर्वाद की ये धरती... मैं झारखंड की इस महान धरती को प्रणाम करता हूं।

उन्होंने कहा कि आज करमा पूजा के उमंग के बीच यहां आने से पहले मुझे झारखंड को विकास की कई बड़ी सौगात देने का सौभाग्य भी मिला। मैं आप सबको करमा पर्व की बधाई देता हूं। आज झारखंड के हजारों गरीबों को पीएम आवास योजना के जरिए पक्के घर भी मिले हैं। इनमें से ज्यादातर घर मेरी माताओं-बहनों के नाम पर हैं। आज आपका ये भाई करमा पर्व के अवसर पर अपनी बहनों को अपने पक्के घर का उपहार देकर धन्य हो गया है।

उन्होंने कहा कि बीते लोकसभा चुनाव में सारा विपक्ष मोदी को हराने के लिए बेचैन था। पूरी जमात, बड़े-बड़े षड़यंत्र, बड़ी-बड़ी साजिशें, झूठ की इतनी बड़ी मशीनरी, देश को बांटने और तोड़ने वाली ताकतें... लेकिन आपका आशीर्वाद उन सब पर भारी पड़ा। मैं आपके इस प्यार और आशीर्वाद के लिए भी आपका धन्यवाद करता हूं।

उन्होंने कहा कि आज देश के दलित-वंचित, गरीब-आदिवासी और महिलाओं का भरोसा मोदी पर है। आज युवाओं का भरोसा मोदी पर है, मध्यम वर्ग का भरोसा मोदी पर है। झारखंड और भाजपा का रिश्ता... सिर्फ एक राजनीतिक रिश्ता नहीं है। ये रिश्ता दिल का है... ये रिश्ता अपनेपन का है। झारखंड का सपना भाजपा का अपना सपना है। उन्होंने कहा कि आकांक्षी जिला योजना के जरिए झारखंड के पिछड़े जिलों के विकास की चिंता पहली बार किसने की... भाजपा की सरकार ने। भगवान बिरसा मुंडा की जन्मजयंती पर जनजातीय गौरव दिवस की शुरुआत किसने की... भाजपा की सरकार ने। आज भी भाजपा केंद्र में रहकर झारखंड के विकास के लिए पूरे समर्पण और सेवाभाव से काम कर रही है।

## दुग्ध संघ की उत्पादन क्षमता बढ़ायी जाएगी : डॉ. यादव



**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि उज्जैन सहकारी दुग्ध संघ की क्षमता में वृद्धि की जाएगी। शासन का प्रयास है कि दुग्ध संघ के माध्यम से दुग्ध उत्पादक किसान अधिकाधिक रूप से लाभान्वित हों। प्रत्येक किसान परिवार के पास कम से कम 50 हजार रुपए बोनस राशि पहुंचे। उज्जैन दुग्ध संघ की उत्पादन क्षमता को 10 लाख टन तक बढ़ाया जाएगा। साथ ही दुग्ध संघ की भूमिका को धरातल स्तर तक प्रभावी बनाया जाएगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव उज्जैन में रविवार को सहकारी दुग्ध संघ के कर्मचारी संवाद कार्यक्रम को सम्बोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री डॉ.यादव ने कहा कि मध्यप्रदेश सभी क्षेत्रों में समान रूप से प्रगति के नए कीर्तिमान स्थापित कर रहा है। कृषि आधारित मध्यप्रदेश में किसानों की आय में और अधिक वृद्धि हो इसके लिए शासन कृत-संकल्पित है। प्रदेश की कृषि विकास दर को और आगे ले जाना है। इसमें पशुपालक दुग्ध उत्पादक किसानों की महत्वपूर्ण भूमिका है। शासन का प्रयास है कि दुग्ध उत्पादन में और अधिक वृद्धि हो। इसमें दुग्ध सहकारिता की बड़ी भूमिका रहेगी। दुग्ध उत्पादन में वृद्धि के साथ बढ़ी हुई मात्रा की खपत के लिये भी कार्य किया जाएगा। नेशनल डेयरी डेवलपमेंट बोर्ड के माध्यम से दुग्ध खपत के लिये दुग्ध संघ की क्षमता में वृद्धि की जाएगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि दुग्ध सहकारी संघ को मजबूत बनाने के साथ किसानों के लिए जितनी भी राशि चाहिए वह दी जाएगी। धरातल स्तर तक दुग्ध सहकारी संघ की भूमिका को प्रभावी बनाया जायेगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि उज्जैन दुग्ध संघ मेरा अपना परिवार है। वर्तमान में उज्जैन दुग्ध संघ की ढाई लाख टन की क्षमता में वृद्धि कर 10 लाख टन तक करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।

## सीबीआई हिरासत में रहेंगे संदीप और ताला पुलिस स्टेशन इंचार्ज

**कोलकाता।** कोलकाता के आरजी कर मेडिकल कॉलेज में जूनियर डॉक्टर की हत्या के मामले की जांच कर रही सीबीआई ने शनिवार शाम को मेडिकल कॉलेज के पूर्व प्राचार्य डॉ. संदीप घोष और पुलिसकर्मी को गिरफ्तार किया था। दोनों को रविवार को सियालदाह एसीजेएम की अदालत में पेश किया गया। एसीजेएम ने ताला पुलिस स्टेशन प्रभारी अभिजीत मंडल और आरजी कर के पूर्व प्रिंसिपल डॉ. संदीप घोष को 17 सितंबर तक सीबीआई हिरासत में भेजने का आदेश दिया। वहीं रविवार सुबह लोगों ने सीबीआई कार्यालय के बाहर प्रदर्शन किया। गिरफ्तार किए गए ताला पुलिस स्टेशन प्रभारी अभिजीत मंडल को मेडिकल जांच के लिए ले जाते वक्त लोगों की सीबीआई अधिकारियों से धक्का-मुक्की भी हुई। आंदोलनकारी तख्तियां और पोस्टर लेकर सीजीओ कॉम्प्लेक्स के बाहर एकत्र हुए। आंदोलनकारियों ने महिला डॉक्टर के लिए न्याय की मांग करते हुए नारे लगाए। मामले में सीबीआई से पहले जांच के तरीके को लेकर पुलिस की आलोचना की। थाना प्रभारी मंडल को सबूतों से छेड़छाड़, एफआईआर दर्ज करने में देरी समेत अन्य आरोपों में गिरफ्तार किया गया है। उन्हें रविवार को सियालदाह की अदालत में पेश किया जाएगा। सीबीआई ने शनिवार शाम को पूर्व प्रिंसिपल संदीप घोष और ताला थाने के प्रभारी अभिजीत मंडल को गिरफ्तार किया था। इसके बाद स्वास्थ्य भवन में विरोध प्रदर्शन कर रहे जूनियर डॉक्टरों ने गिरफ्तारी का जश्न मनाया और विरोध स्थल पर गाना गाते हुए दिखाई दिए।




## गडकरी बोले-विपक्षी नेता ने कहा था पीएम बनिए, समर्थन देंगे

**नागपुर।** केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने शनिवार को बताया कि एक बार एक नेता ने उन्हें प्रधानमंत्री पद के लिए समर्थन देने की पेशकश की थी। हालांकि गडकरी ने यह ऑफर यह कहकर ठुकरा दिया कि उनकी ऐसी कोई लालसा नहीं है। नागपुर में एक पत्रकारिता पुरस्कार समारोह में गडकरी ने कहा- 'मुझे एक घटना याद है। मैं किसी का नाम नहीं लूंगाº उस व्यक्ति ने कहा था कि अगर आप प्रधानमंत्री बनते हैं, तो हम समर्थन करेंगे।'

## वकीलों के गलत बयान देने पर सुप्रीम कोर्ट नाराज

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने वकीलों की कार्यशैली को लेकर नाराजगी जताई है। 10 सितंबर के अपने आदेश में कोर्ट ने कहा कि दोषियों को रिहाई में छूट दिलाने के लिए वकील झूठ बोलते हैं। इससे हमारी आस्था डगमगा जाती है।

जस्टिस अभय एस ओका और जस्टिस ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह की बेंच ने कहा कि वकील बार-बार अदालत के सामने और दोषियों की समयपूर्व रिहाई के लिए दायर याचिकाओं में झूठे बयान पेश करते हैं। पिछले तीन सप्ताह में हमें ऐसे कई मामले देखने को मिले हैं, जिनमें याचिका में झूठे बयान दिए गए हैं।



बेंच ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट में हर रोज हर बेंच के सामने 60 से 80 मामले लिस्ट होते हैं। जज के लिए अदालत में लिस्ट हर एक मामले के हर एक पेज पढ़ना संभव नहीं होता है। हालांकि, सभी मामले को बहुत ही सावधानीपूर्वक देखने का प्रयास किया जाता है। हमारी प्रणाली विश्वास पर काम करती है। जब हम मामलों की सुनवाई करते हैं तो हम बार के सदस्यों पर भरोसा करते हैं। लेकिन जब हम इस तरह के मामलों का सामना करते हैं, तो हमारा विश्वास डगमगा जाता है। इस अदालत में बड़ी संख्या में याचिकाएं दायर की जा रही हैं, जिनमें स्थायी छूट न दिए जाने की शिकायत की गई हैं। पिछले तीन सप्ताह में यह छठा या सातवां मामला है, जिनमें याचिकाओं में साफ तौर पर झूठे बयान दिए गए हैं। बेंच ने कहा- रिहाई में छूट की मांग के लिए दायर रिट याचिका में झूठे बयान दिए गए।

## जम्मू-कश्मीर में 72 घंटे के भीतर छठा एनकाउंटर

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर में बीते 72 घंटे में चौथी बार आतंकियों और सुरक्षाबलों के बीच मुठभेड़ हुई। रविवार (15 सितंबर) की दोपहर कठुआ के नुकनाली नाला में गोलीबारी हो रही है। सेना और पुलिस को आतंकियों के होने की जानकारी मिली थी।

सेना और पुलिस जब इलाके में जॉइंट ऑपरेशन चला रही थी। तभी आतंकियों ने टीम पर गोलीबारी की। इलाके में 2-3 आतंकियों के छिपे होने की आशंका जताई गई है।

## मुंबई-दोहा इंडिगो फ्लाइट 6 घंटे देरी के बाद कैंसिल

**मुंबई।** मुंबई से दोहा जा रही इंडिगो की फ्लाइट 6 घंटे लेट होने के बाद कैंसिल कर दी गई। घटना रविवार की है। फ्लाइट में करीब 300 यात्री सवार थे। वे फ्लाइट में ही 6 घंटे तक इंतजार करते रहे।

एनडीटीवी के मुताबिक, इंडिगो की फ्लाइट 6श्व 1303 को सुबह 3ः55 बजे टेक ऑफ करना था। पैसेंजर्स के बैठने के बाद विमान करीब 6 घंटे तक एयरपोर्ट पर खड़ा रहा। यात्री करीब 5 घंटे तक प्लेन के भीतर ही बैठे रहे। इमिग्रेशन खत्म होने की वजह से उन्हें उतरने नहीं दिया गया। एक यात्री ने दावा किया, जब हम फ्लाइट में इंतजार कर रहे थे, इस दौरान पानी और खाना तक नहीं मिला। हालांकि, इंडिगो ने कहा कि पैसेंजर्स को तुरंत रिफ्रेशमेंट दिया गया था। रिपोर्ट के मुताबिक, पैसेंजर्स का आक्रोश जब बढ़ने के बाद क्रू मेंबर्स ने उन्हें फ्लाइट से उतरने की इजाजत दी। इसके बाद इमिग्रेशन वेटिंग एरिया में ले गए। इंडिगो ने कहा कि तकनीकी खराबी के कारण फ्लाइट कैंसिल कर दी गई है। एयरलाइन ने अपने बयान में बताया कि विमान में तकनीकी खराबी आ गई थी।

## सभी डॉक्टर्स के पास होगी विशिष्ट पहचान

### देश में मेडिकल प्रैक्टिस के लिए होगी जरूरी, शुरू हुआ पंजीकरण

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग (एनएमसी) ने देश में सभी एमबीबीएस डॉक्टर्स को विशिष्ट पहचान देने का फैसला किया है। इसके लिए एनएमसी ने पोर्टल भी लॉन्च कर दिया है, जिस पर सभी पात्र एमबीबीएस डॉक्टर्स के पंजीकरण की प्रक्रिया शुरू हो गई है। राष्ट्रीय चिकित्सा रजिस्टर (एनएमआर) एक डेटाबेस है, जहां सभी पंजीकृत डॉक्टर्स का रजिस्ट्रेशन होगा। आधार आईडी से डॉक्टर्स की प्रमाणिकता , जिसमें उनकी प्रामाणिकता आधार आईडी द्वारा सत्यापित की जाएगी। एनएमसी (नेशनल मेडिकल कमीशन) ने हाल ही में एक सार्वजनिक नोटिस में कहा कि भारतीय चिकित्सा रजिस्टर (आईएमआर) पर पंजीकृत सभी एमबीबीएस डॉक्टर्स को एनएमआर पर फिर से पंजीकरण करना होगा।



सभी मेडिकल कॉलेज/संस्थान, राज्य चिकित्सा परिषद (एसएमसी) पोर्टल पर आपस में जुड़े हुए हैं। नोटिस में कहा गया है कि कुछ डेटा आम लोगों को दिखाई देंगे और अन्य केवल एनएमसी, एसएमसी, राष्ट्रीय परीक्षा बोर्ड (एनबीई) और चिकित्सा संस्थानों और एथिक्स एंड मेडिकल रजिस्ट्रेशन बोर्ड (ईएमआरबी) को ही दिखाई देंगे। पंजीकरण प्रक्रिया शुरू करने के लिए, डॉक्टर्स को अपने आधार आईडी, अपने एमबीबीएस डिग्री प्रमाण पत्र की एक डिजिटल कॉपी और राज्य चिकित्सा परिषद/ भारतीय चिकित्सा परिषद के पंजीकरण प्रमाण पत्र की जरूरत होगी। पंजीकरण और योग्यता जैसे अतिरिक्त विवरण मैन्युअल रूप से दर्ज किए जा सकते हैं। इसके बाद, आवेदन स्वचालित रूप से सत्यापन के लिए संबंधित एसएमसी (स्टेट मेडिकल कमीशन) को भेज दिया जाता है। एसएमसी फिर आवेदन को आगे की समीक्षा के लिए संबंधित कॉलेज या संस्थान को भेज देगा। सफल सत्यापन के बाद, आवेदन एनएमसी को भेज दिया जाता है।

## अब सावधान रहना होगा : खरगे



**नई दिल्ली।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने रविवार को कहा कि 2024 भारत के लोकतंत्र के लिए एक महत्वपूर्ण साल है। जब 140 करोड़ भारतीयों ने ऐसा फैसला दिया है जो हमारे राष्ट्र निर्माताओं द्वारा कड़ी मेहनत से बनाए गए हमारे लोकतांत्रिक संस्थानों पर विश्वास बढ़ाता है। खरगे ने आरोप लगाया कि बीते 10 वर्षों में देश के लोकतांत्रिक ढांचे को खत्म करने का संगठित प्रयास हुआ। कांग्रेस अध्यक्ष ने भारत के पहले प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू के कथन का जिक्र करते हुए कहा कि लोकतंत्र सरकार का सबसे अच्छा रूप है। यह लोगों को यह बताने का अधिकार देता है कि वे कैसे शासन करें और कैसे अपने नेताओं को जवाबदेह ठहराएं। 2024 के आम चुनाव परिणामों को लेकर खरगे ने कहा कि वर्ष 2024 भारत के लोकतंत्र के लिए एक महत्वपूर्ण वर्ष है। 140 करोड़ भारतीयों ने ऐसा फैसला दिया है जो हमारे राष्ट्र निर्माताओं द्वारा कड़ी मेहनत से बनाए गए हमारे दीर्घकालिक संस्थानों पर विश्वास करता है।

## एमपी के 10 और राजस्थान के 8 जिलों में तेज बारिश का अलर्ट

**नई दिल्ली।** उत्तर प्रदेश में बीते 4 दिन से लगातार तेज बारिश हो रही है। इस कारण घाघरा, कोसी, शारदा और सरयू नदियां उफान पर हैं। बहराइच में घाघरा और सरयू नदी का जलस्तर बढ़ने से 20 गांवों में बाढ़ आ गई। उत्तर प्रदेश के मुरादाबाद में मुरादाबाद-दिल्ली हाईवे पर कोसी नदी का पानी पहुंच गया है। करीब 2 फीट तक पानी भरने के कारण एक लेन बंद कर दी गई है। उत्तराखंड में बारिश और बाढ़ जैसे हालात हैं। पिछले 24 घंटे में 4 लोगों की मौत हुई, जबकि 2 लापता हैं। लैंडस्लाइड की घटनाओं के चलते 478 सड़कें बंद हैं। इनमें नेशनल हाईवे शामिल हैं। यूपी में आज 22 जिलों में भारी बारिश का अलर्ट है। वहीं मध्य प्रदेश के 10 और राजस्थान के 8 जिलों में भी आज तेज बारिश का अलर्ट है।

## मुख्यमंत्री बनने का सपना नहीं : उद्धव



**मुंबई।** महाराष्ट्र की राजनीति में विपक्षी दलों का गठबंधन-महाविकास अघाड़ी भाजपा को सत्ता से उखाड़ फेंकने का दावा कर रहा है। हाल ही में एमवीए सहयोगियों ने मुख्यमंत्री पद के प्रत्याशी को लेकर बयान दिए हैं। कई नेताओं का मानना है कि बिना चेहरे के चुनाव लड़ना चाहिए। ताजा घटनाक्रम में महाविकास अघाड़ी की सरकार में सीएम रहे उद्धव ठाकरे ने कहा, उन्हें मुख्यमंत्री बनने की आकांक्षा नहीं है। उन्होंने पिता बालासाहेब ठाकरे के दौर का जिक्र करते हुए कहा कि उनके पिता ने कभी सत्ता की बागडोर नहीं सभाली, लेकिन उन्हें लोगों का समर्थन हासिल था। उद्धव ने कहा कि अपार जनसमर्थन के कारण उनसे शक्तियां छीन ली गईं।

अहमदनगर में पुरानी पेंशन योजना को बहाल करने की मांग कर रहे राज्य सरकार के कर्मचारियों को संबोधित करते हुए उद्धव ने कहा महाराष्ट्र की जनता उनकी ताकत है। उन्होंने कहा, जब तक आप मेरा समर्थन नहीं करेंगे, तब तक कोई मुझे रिटायर नहीं कर सकता। पूर्व सहयोगी और वर्तमान में महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे पर निशाना साधते हुए उद्धव ने कहा कि जिन लोगों ने अपनी मूल पार्टी और जनता को धोखा दिया, उनका भरोसा नहीं किया जा सकता। यही कारण है कि वे महायुति (भाजपा+ शिवसेना+ एनसीपी) की सरकार को उखाड़ फेंकना चाहते हैं। 2019 में पहली बार सीएम बनने की घटना याद कर उद्धव ने कहा, उस समय भी वे मुख्यमंत्री बनना नहीं चाहते थे।

## केजरीवाल ने किया इस्तीफे का एलान

**नई दिल्ली।** दिल्ली आबकारी नीति मामले में जमानत पर बाहर आए मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने अपने पद से इस्तीफे का एलान कर दिया है। आप दफ्तर पर पार्टी कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए केजरीवाल ने कहा कि मैं आज से दो दिन के बाद सीएम पद से इस्तीफा दूंगा। मैं तब तक मुख्यमंत्री की कुर्सी पर नहीं बैठूंगा, जब तक जनता अपना फैसला नहीं सुना देती कि केजरीवाल ईमानदार है। दिल्ली की जनता के आदेश के बाद ही मैं मुख्यमंत्री की कुर्सी पर बैठूंगा।

सीएम अरविंद केजरीवाल ने कहा, मैं दो दिन बाद सीएम पद से इस्तीफा देने जा रहा हूं। जब तक जनता अपना फैसला नहीं सुना देती, मैं सीएम की कुर्सी पर नहीं बैठूंगा।% उन्होंने कहा कि मैं और मनीष सिसोदिया जनता के बीच जाएंगे। दिल्ली विधानसभा भंग नहीं होगी। मेरी जगह कोई और सीएम होगा। अगला सीएम चुनने के लिए विधायक दल की बैठक होगी। इसमें सीएम पर फैसला लिया जाएगा।



अरविंद केजरीवाल ने कहा, इन्होंने(भाजपा) एक और नया फॉर्मूला बनाया है जहां जहां ये चुनाव हारे वहां-वहां के मुख्यमंत्री पर फर्जी केस करके गिरफ्तार कर लो और उसकी सरकार गिरा दो। इन्होंने सिद्धारमैया, पिनाराई विजयन, ममता दीदी पर केस कर रखें हैं। ये एक विपक्ष के मुख्यमंत्री को नहीं छोड़ते सभी पर फर्जी केस करके जेल में डालते हैं और सरकार गिरा देते हैं।

आतिशी का नाम इस लिस्ट में सबसे आगे है। दिल्ली सरकार में मंत्री आतिशी कालकाजी सीट से विधायक हैं। आतिशी दिल्ली सरकार में शिक्षा, उच्च शिक्षा, टीटीई, वित्त, योजना, पीडब्ल्यूडी, जल, बिजली, सेवाएं, सतर्कता, जनसंपर्क मंत्री हैं। सीएम केजरीवाल ने अपने इस्तीफे के एलान से पहले भी आतिशी का जिक्र किया। उन्होंने कहा कि मैंने जेल से एलजी के पत्र लिखा था कि स्वतंत्रता दिवस पर झंडा फहराएंगी। लेकिन वो चिट्ठी वापस कर दी गई और साथ में यह भी कहा गया कि कि अगर फिर से चिट्ठी लिखी तो परिवार से मुलाकात बंद हो जाएगी। वहीं, आतिशी के साथ-साथ सौरभ भारद्वाज नाम भी सामने आ रहा है। वे दिल्ली की ग्रेटर कैलाश सीट से विधायक हैं। सौरभ दिल्ली सरकार में स्वास्थ्य, शहरी विकास और पर्यटन मंत्री हैं। सौरभ पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता भी हैं।

इनके अलावा दिल्ली सरकार में मंत्री गोपाल राय का नाम भी चर्चा में है। सीएम पद की रेस में कैलाश गहलोत भी नाम चल रहा है। आप विधायक कुलदीप कुलदीप कुमार का नाम भी इस लिस्ट में शामिल है। सीएम केजरीवाल की पत्नी सुनीता केजरीवाल के नाम की अटकलें भी हैं।

## संपादकीय

### बुजुर्गों को बल

भारत युवाओं का देश है, पर बुजुर्गों की संख्या भी समय के साथ बढ़ती चली जाएगी। ऐसे में, केंद्र सरकार ने आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना (एबी-पीएमजेएवाई) के तहत 70 वर्ष और उससे अधिक आयु के सभी नागरिकों को वित्तीय लाभ देने का जो फैसला किया है, वह बहुत सुखद और स्वागत योग्य है। सबसे खास बात यह है कि इस योजना का लाभ सभी बुजुर्गों को मिलेगा। पहले सरकार यह मानकर चल रही थी कि जो बुजुर्ग आर्थिक रूप से सक्षम हैं, वो अपना चिकित्सा खर्च आसानी से उठा सकते हैं। अब यह एक महत्वपूर्ण बदलाव है कि इस योजना का लाभ 70 वर्षीय होते ही हर भारतीयों को मिलने लगेगा। आयुष्मान योजना को दुनिया में सबसे बड़ी चिकित्सा बीमा योजना माना जाता है और उसमें हुआ यह विस्तार भारत के बेहतर होते भविष्य का ही एक संकेत है। भारत में बुजुर्गों की स्वास्थ्य सुरक्षा का प्रबंध बहुत जरूरी है और समय के साथ उनकी सुविधाओं को बढ़ाते जाना अनिवार्य है। अगर किसी भी बुजुर्ग को अब पांच लाख रुपये तक के इलाज के लिए परेशान न होना पड़े, तो यह हमारे समाज के लिए बहुत अच्छी बात होगी। योजना से असंख्य बुजुर्गों को नई जिंदगी मिलेगी और उनकी उम्र भी बढ़ेगी। अपने देश के करीब छह करोड़ वरिष्ठ नागरिक अब सार्वभौमिक स्वास्थ्य सुरक्षा के दायरे में आ रहे हैं, तो यह प्रमाण है कि आज अपने देश की सरकार आर्थिक रूप से सक्षम है। लोग भारी मात्रा में टैक्स चुका रहे हैं, तो उसका लाभ विभिन्न योजनाओं के माध्यम से उन तक लौटना ही चाहिए। एक लोक कल्याणकारी सरकार का यही सही स्वरूप है। सरकार का एक अनुमान है कि इस योजना से लगभग 4.5 करोड़ परिवारों तक लाभ पहुंचेगा। ऐसे अनेक आंकड़े हैं, जो बताते हैं कि इलाज के भारी खर्च की वजह से बड़ी संख्या में लोग गरीब हो जाते हैं। किसी को कर्ज लेना पड़ता है, तो किसी को जायदाद बेचनी पड़ती है। ध्यान रहे, आज आयुष्मान योजना की वजह से 12 करोड़ से ज्यादा परिवार लाभ के दायरे में हैं। शायद एक दिन ऐसा आएगा कि एकदम अमीर या सक्षम लोगों के अलावा सभी आम लोग ऐसी ही किसी योजना के दायरे में आ जाएंगे। अपेक्षाकृत तेज आर्थिक तरक्की के बीच हमें यह नहीं भूलना चाहिए कि भारत में सामाजिक सुरक्षा कमजोर पड़ रही है।

# अहम मुद्दों पर उजागर हुई राहुल गांधी की असलियत

**राहुल गांधी ने अमेरिका में भारत के खिलाफ जो जहर उगला है वह उनकी चुनावी रैलियों से अनवरत चली आ बयानबाजी का विस्तार है। राहुल गांधी ने अमेरिका में एक के बाद एक कई विवादित बयान दिये हैं जिनके कारण भारत का राजनैतिक वातावरण उद्वेलित है। लोकसभा में विपक्ष के नेता बनने के बाद राहुल गांधी ने अमेरिका यात्रा की और वहां भारत विरोधी शक्तियों और समूहों के साथ बैठकर भारत तथा हिंदुत्व विरोधी बयान देकर उजागर कर दिया कि वे लोकसभा में नेता विरोधी दल नहीं वरन भारत विरोधी नेता हैं। मोहब्बत की दुकान का गाना गाने वाले राहुल गांधी नफरत से इतने अधिक भरे हुए हैं कि अपने पूर्वजों के अच्छे विचारों को भी तिलांजलि दे चुके हैं। अमेरिका में राहुल गांधी द्वारा प्रस्तुत विमर्श भारत विरोधी, अलगाववादी, विध्वंसक तथा हिंदुत्व का अपमान करने वाला है। राहुल गाँधी की भाषा हिन्दू देवी देवताओं के प्रति अपमानजनक रही। ऐसा प्रतीत हुआ कि राहुल गांधी वास्तव में शहरी नक्सली हैं और टुकड़े-टुकड़े गैंग के निर्देशक ही उनके सलाहकार हैं।**

(मृत्युंजय दीक्षित)

राहुल गांधी ने अमेरिका में भारत के खिलाफ जो जहर उगला है वह उनकी चुनावी रैलियों से अनवरत चली आ बयानबाजी का विस्तार है। राहुल गांधी ने अमेरिका में एक के बाद एक कई विवादित बयान दिये हैं जिनके कारण भारत का राजनैतिक वातावरण उद्वेलित है। राहुल गांधी ने अमेरिका में चीन की प्रशंसा करते हुए कहा कि वैश्विक उत्पादन में चीन का प्रभुत्व है इसलिए वहां पर बेरोजगारी नहीं है जबकि भारत और अमेरिका जैसे देशों में भयंकर बेरोजगारी है। सिख समुदाय पर भी राहुल ने विवादित और घटिया बयान दिया और कहा, मेरी लड़ाई इस बात को लेकर है कि क्या एक सिख को भारत में पगड़ी पहनने की अनुमति दी जाएगी या एक सिख को कड़ा पहनने की अनुमति दी जाएगी जो राहुल गांधी लोकसभा चुनाव में यह ढिंढोरा पीटते रहे अगर भाजपा 400 पार चली गयी तो वह संविधान बदल देगी आरक्षण को समाप्त कर देगी उन्हीं राहुल गांधी ने अमेरिका में कहा कि जब भारत भेदभाव रहित स्थान होगा तब कांग्रेस आरक्षण समाप्त करने पर विचार करेगी। अभी ऐसा नहीं है क्योंकि उनकी नजर में 2014 से दलितों आदिवासियों और अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) को उचित भगीदारी नहीं मिल रही है। राहुल गांधी ने हिंदी पर भी आरोप मढ़ दिया और कह डाला कि अगर आपको लगता है कि आंध्रप्रदेश के लोग हिंदी



जितने महत्वपूर्ण नहीं हैं तो यह राज्य के लोगों का अपमान है। राहुल गांधी यहीं नहीं रुके बोलते बोलते राष्ट्रीय स्वंसेवक संघ तक पहुँच गए औए कहा वे मानते हैं कि महिलाएं घर पर ही रहें, रसोई संभालें। सबसे बड़ा झूठ यह बोलकर आये हैं कि भारतीय राजनीति में प्रेम सम्मान और विनम्रता गायब है।

राहुल गांधी ने सिख समुदाय को लेकर जो विवादित बयान दिया है उससे खालिस्तान समर्थक आतंकवादी गुनपतवंतसिंह पन्नू बहत खुश है तथा उनका समर्थन कर रहा है, राहुल के बयानों से खालिस्तान मूवमेंट के समर्थन की बू आ रही है। भारत में पंजाब और पंजाबियत का जो हाल कांग्रेस ने किया है वह किसी से छुपा नहीं है। कौन नहीं जानता कि पूर्व प्रधानमंत्री श्रीमती इंदिरा गांधी की हत्या के बाद 3000 सिखों का जो नरसंहार हुआ, जगह जगह दंगों के दौरान सिखों की पगड़ी उतार कर फेंकी गई, उनके घर और दुकानों को आग के हवाले किया गया यह सब कुछ गांधी परिवार के नियंत्रण में ही हुआ था और राहुल के पिता राजीव गांधी ने, बड़ा पेड़ गिरता है तो धरती हिलती है कहकर उसका बचाव किया था। कांग्रेस के ही शासनकाल में सिख राष्ट्रपति ज्ञानी जैल सिंह के साथ हुआ दुर्व्यवहार पूरा देश जानता है। राहुल गांधी के बयान से भारत का राष्ट्रभक्त सिख समाज आंदोलित और आहत है।

राहुल गांधी ने अमेरिका में एक बड़ा बयान भारत के लोकतंत्र और चुनाव आयोग की विश्वसनीयता को लेकर भी दिया है। राहुल के अनुसार 2024 का लोकसभा चुनाव निष्पक्ष नहीं था, उन्होंने कहा कि चुनाव आयोग बीजेपी द्वारा नियंत्रित था। बीजेपी के पास अपार धन था, प्रशासन की ताकत थी, चुनाव आयोग का रवैया बीजेपी के पक्ष में था अगर निष्पक्ष चुनाव होते तो बीजेपी 240 सीटें जीत ही नहीं सकती थी। यहाँ राहुल गांधी संभवतः भूल गये कि चुनावों के दौरान कांग्रेस द्वारा सत्ता के दुरुप्रयोग की कहानियां भरी पड़ी हैं वो तो भला हो कि धीरे धीरे चुनाव आयोग ने सामर्थ्य दिखाना आरम्भ किया और चुनाव प्रणाली को सुदृढ़ किया।

राहुल गांधी अमेरिका में धुर भारत विरोधी नेताओं के साथ बैठक करते हैं और उनके साथ विचार विमर्श करते हैं। दुनिया भर में राष्ट्रवादी सरकारों के सबसे बड़े दुश्मन और नशीले पदार्थों की तस्करी करने वाले जार्ज सोरोस के साथ उनके और उनकी माता जी के सम्बंध अब छुपे नहीं रह गये हैं। राहुल गांधी की सबसे अधिक विवादित मुलाकात डेमोक्रेट सांसद इल्हान उमर और प्रमिला जयपाल सहित विदेशी सरकारों के तख्ता पलट के विशेषज्ञ माने जाने वाले डोनाल्ड ब्लू से होती है जो बताती है कि राहुल गांधी के इरादे खतरनाक ही नहीं बहुत ही खतरनाक हैं।

राहुल गांधी प्रधानमंत्री का विरोध करते-करते अब देश का ही विरोध करने पर उतारू हो गये हैं। विश्लेषकों का अनुमान है राहुल गांधी की अमेरिका यात्रा और उनकी बयानबाजी उन्हें ही भारी पड़ने वाली है जिसमें एक अहम मुद्दा आरक्षण का है। राहुल गांधी के आरक्षण समाप्त करने वाले बयान को बसपा नेत्री मायावती ने लपक लिया है और अब वह उसी को हथियार बनाकर हरियाणा व जम्मू कश्मीर सहित आगामी विधानसभा चुनावों में कांग्रेस पर हमला करने जा रही हैं।

आश्चर्यजनक रूप से राहुल गांधी भारत के शत्रु देशों चीन और पाकिस्तान की निंदा नहीं करते, वह सीमा पार से चलाये जा रहे आतंकवाद का विरोध नहीं करते। राहुल गांधी का स्पष्ट विचार है कि 1947 से पहले भारत का अस्तित्व ही नहीं था। राहुल गांधी अमेरिका में जिस संगठन की ओर से कार्यक्रम आयोजित करते हैं वह सभी जार्ज सोरोस द्वारा पोषित संस्थाएं हैं। साफ है कि राहुल गांधी देश में अराजकता चाहते हैं। जब राहुल गांधी अमेरिका गये तब भारत में सुनियोजित तरीके से एक ही पैटर्न पर गणेशोत्सव पर हमले किये गये। राहुल गांधी अमेरिका में भाजपा व संघ की तुलना तालिबान से करते हुए हिंदुत्व पर प्रहार करते हैं।

राहुल गांधी अपनी विदेश यात्राओं के दौरान हमेशा ही भारत विरोधी गतिविधियों में शामिल लोगों के लिए खाद, पानी उपलब्ध कराते रहते हैं। राहुल गांधी जिस प्रकार चीन और पाकिस्तान की प्रशंसा के पुल बांधते हैं उससे एक बड़ा संदेह और भय पैदा होना स्वाभविक है। उनके मन में हिंदू और हिंदुत्व की विचारधारा के प्रति जिस प्रकार की नफरत भरी हुई है वो बहुसंख्यक समाज के लिए चिंता का विषय है।

# स्वभाषा का उपयोग कर ही दुनिया के कई देश बने हैं शक्तिशाली, विदेशी भाषा पर पूर्ण निर्भरता ठीक नहीं

(नीरज कुमार दुबे)

हिंदी ने भारत में भाषाओं की विविधता को एकता के सूत्र में पिरोने का काम किया है और इसने अलग-अलग भारतीय भाषाओं और बोलियों के साथ-साथ कई वैश्विक भाषाओं को सम्मान दिया है और उनकी शब्दावलियों, पदों और व्याकरण के नियमों तक को अपनाया है।

आप सभी को हिंदी दिवस पर बहुत बहुत बधाई। हमारी राजभाषा, मातृभाषा और राष्ट्रभाषा हिंदी की विकास यात्रा अनवरत जारी रहे और हिंदी सभी भारतीय भाषाओं को साथ लेकर आगे बढ़ती रहे, यह हमारी शुभकामनाएं हैं। वैसे आज जब हम हिंदी दिवस मना रहे हैं और एक दूसरे को शुभकामनाएं दे रहे हैं तो हमें यह भी ध्यान रखना चाहिए कि हिंदी की सेवा हमें साल के बाकी दिनों में भी करते रहना है। जहां तक हिंदी दिवस की बात है तो यह खुशी का अवसर तो है लेकिन यह भी एक सत्य है कि 14 सितंबर को मनाया जाने वाला हिंदी दिवस एक सरकारी औपचारिकता बनकर रह गया है। देखा जाये तो यदि सरकारों और जनता को सचमुच स्वभाषा का महत्व पता होता तो हिंदी की वह दुर्दशा नहीं होती, जो आज भारत में है। हमें देखना चाहिए कि आज तक दुनिया का कोई भी देश यदि महाशक्तिशाली और महासंपन्न बना है तो वह स्वभाषा के माध्यम से बना है। सुरक्षा परिषद् के पांचों स्थायी सदस्य अमेरिका, रूस, चीन, फ्रांस और ब्रिटेन अपने देश की शिक्षा, चिकित्सा, संसद, सरकार, अदालतों और अपने दैनिक व्यवहार में उच्चतम स्तर तक स्वभाषा का ही प्रयोग करते हैं। स्वभाषा में ही हर कार्य करने का अर्थ यह नहीं है कि विदेशी भाषाओं का प्रयोग और उपयोग करना सवथा अनुचित है। विदेशी भाषाओं का उपयोग अनुसंधान, कूटनीति, विदेश-व्यापार आदि के लिए हम करें और जमकर करें, यह जरूरी है लेकिन हम किसी एक विदेशी भाषा को अपना सर्वस्व बना लें और अपनी भाषाओं को उसकी दासी बना दें यह तो ठीक नहीं है।

हिन्दी ने भारत में भाषाओं की विविधता को एकता के सूत्र में पिरोने का काम किया है और इसने अलग-अलग भारतीय भाषाओं और बोलियों के साथ-साथ कई वैश्विक भाषाओं को सम्मान दिया है और उनकी शब्दावलियों, पदों और व्याकरण के नियमों तक को अपनाया है। हिन्दी की किसी भी भारतीय भाषा से न कभी कोई स्पर्धा थी और न ही कभी हो सकती है। हिन्दी तो सभी स्थानीय भाषाओं को सशक्त बनाने का माध्यम है। देखा जाये तो भारत, विविध भाषाओं का देश है और दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र की भाषाओं की विविधता को एकता के सूत्र में पिरोने का नाम 'हिन्दी' है। हिन्दी भाषा ने स्वतंत्रता आन्दोलन के मुश्किल दिनों में देश को एकसूत्र में बांधने का अभूतपूर्व कार्य किया था। इसने अनेक भाषाओं और बोलियों में बंटे देश में एकता की भावना स्थापित की थी। देश में पूरब से पश्चिम और उत्तर से दक्षिण तक स्वतंत्रता की लड़ाई को आगे बढ़ाने में संवाद भाषा के रूप में हिन्दी की महत्त्वपूर्ण भूमिका रही थी। स्वतंत्रता आंदोलन और स्वतंत्रता प्राप्ति के बाद हिन्दी की महत्त्वपूर्ण भूमिका को देखते हुए संविधान निर्माताओं ने 14 सितंबर 1949 के दिन ही हिन्दी को राजभाषा के रूप में स्वीकार किया था। देखा जाये तो किसी भी देश की मौलिक और सृजनात्मक अभिव्यक्ति सही मायनों में सिर्फ उस देश की अपनी भाषा में ही की जा सकती है। हिंदी के साथ ही सभी भारतीय भाषाएं देश की सांस्कृतिक धरोहर हैं, जिन्हें हमें साथ लेकर चलना है।

हिंदी-दिवस पर भारत की जनता और सरकार, दोनों को कुछ ठोस संकल्प लेने चाहिए। भारत के सभी नागरिक यह संकल्प ले सकते हैं कि वे अपने हस्ताक्षर अपनी मातृभाषा या हिंदी में ही करेंगे। वे अंग्रेजी या किसी भी विदेशी भाषा में हस्ताक्षर नहीं करेंगे। देखा जाये तो देश के ज्यादातर पढ़े-लिखे लोग अपने हस्ताक्षर अंग्रेजी में ही करते हैं। इसके अलावा विभिन्न शहरों के बाजारों में लगे नामपट यदि हिंदी और स्थानीय भाषाओं में लगे हों तो खरीदारों को ज्यादा आसानी होगी। माल ज्यादा बिकेगा। कुछ प्रांतों ने स्थानीय भाषा के इस प्रावधान को कानूनी रूप भी दिया है। सारे देश के बाजारों के लिए इस तरह के नियम क्यों नहीं लागू किए जा सकते हैं आम लोगों को चाहिए कि वे अपने परिचय-पत्र भी भारतीय भाषाओं में छपवाएं। अपने निमंत्रण-पत्र भी अपनी स्थानीय भाषा और हिंदी में छपवाए जा सकते हैं। अब से लगभग 50 साल पहले जब स्वभाषा आंदोलन तेजी से चला था तो सैकड़ों लोग ऐसे भी थे, जो अंग्रेजी में निमंत्रणों के कार्यक्रमों का बहिष्कार कर देते थे।

आजकल हमारी बोलचाल में, अखबारों और टीवी चैनलों में अंग्रेजी शब्दों और मुहावरों का प्रयोग भी बहुत ज्यादा बढ़ गया है। कई बार तो उस बोले और लिखे हुए का अर्थ निकालना मुश्किल हो जाता है। भाषा अलग भ्रष्ट होती है। संवाद का सौंदर्य नष्ट हो जाता है। इसका अर्थ यह नहीं कि हम अंग्रेजी या अन्य विदेशी भाषाओं के शब्दों को पचा लेने की क्षमता को खो दें।

हिंदी तो अत्यंत समर्थ भाषा बनी ही इसलिए है कि इसने सैंकड़ों देशी और विदेशी भाषाओं और बोलियों के शब्दों को पचा लिया है। उसका शब्द सामर्थ्य और अभिव्यक्ति की क्षमता अंग्रेजी के मुकाबले कई गुना ज्यादा है। वह संस्कृत की पुत्री और भारतीय भाषाओं की भगिनी है।हिंदी-दिवस पर भारत की जनता यह संकल्प भी ले कि वह हिंदी को नौकरशाही के शिकंजे से मुक्त करेगी। आज भी देश का शासन हमारे नेता कम और नौकरशाह ज्यादा चलाते हैं। वे आज तक अंग्रेजी काल की गुलाम मानसिकता से मुक्त नहीं हुए हैं। यदि हमारे नेता दृढ़ संकल्पी हों तो भारत में से अंग्रेजी का वर्चस्व वैसे ही चुटकियों में खत्म हो सकता है, जैसे व्लादिमीर लेनिन ने रूस में फ्रांसीसी और तुर्की में अतातुर्क ने अरबी लिपि का किया था। यदि सारे सरकारी काम-काज से अंग्रेजी को हटा दिया जाए तो समस्त भारतीय भाषाएं और हिंदी अपने आप जम जाएगी। बस, सावधानी यही रखनी होगी कि किसी अहिंदीभाषी को कोई असुविधा न हो।यदि भारत सरकार शिक्षा मंत्रालय की तरह एक अनुवाद मंत्रालय भी कायम कर दे तो बहुभाषी भारत में यह एक चमत्कारी काम होगा। भारत के किसी भी नागरिक को स्वभाषा का प्रयोग करने में कोई कठिनाई नहीं होगी। संसद और विधानसभा के कानून स्वभाषाओं में बनने शुरु हो जाएंगे, अदालतों के फैसले और बहसें जनता की भाषा में होंगी, विश्वविद्यालयों की ऊँची पढ़ाई और शोधकार्य भी भारतीय भाषाओं में होने लगेंगे। सारे स्कूलों और कॉलेजों से अंग्रेजी की अनिवार्य पढ़ाई पर प्रतिबंध होगा। कोई भी विषय अंग्रेजी माध्यम की बजाय भारतीय भाषाओं के माध्यम से पढ़ाया जा सकेगा।

## वर्ग पहेली 5493

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | | ■ | 3 | 4 | | 5 |
| 6 | | ■ | 7 | | | ■ | |
| 8 | | | | ■ | 9 | 10 | ■ |
| 11 | | ■ | 12 | 13 | | | 14 |
| ■ | ■ | 15 | | | ■ | 16 | |
| 17 | | | ■ | ■ | 18 | | ■ |
| | ■ | 19 | | ■ | | ■ | 20 |
| 21 | | | ■ | 22 | | | |

संकेत: बाएं से दाएं

1. चौथे ओलंपिक खेलों को 31 अक्टूबर को यहां समापन हुआ (3)
3. इस देश के प्रधानमंत्री महाथिर मुहम्मद का 31 अक्टूबर 2003 को 22 वर्ष लंबे शासन का अंत हुआ (4)
6. बात, वचन, शब्द (2)
7. नमाज की सूचना के शब्द जो जोर से पुकारे जाते है (3)
8. डांटना, घुडकना (4)
9. ईश्वर, देवता, भगवान, प्रभु (2)
11. दक्ष प्रजापति की पुत्री जो कामदेव का ब्याही थी (2)
12. सबसे प्रेमपूर्वक मिलने-जुलने वाला, बहिरभिमुखी (5)
15. कस्तूरी, पाशबंधन, कस्तूरिका (2)
17. मध्यप्रदेश का एक अंचल (2)
18. स्वतंत्र, आजाद, बरी (2)
19. धूल, धूलिपुंज, गुबार, वातकेतु (2)
21. नालायक बेटा, असत्पुत्र, कुपुत्र (3)
22. अंदाजन, अंदाज से, अनकरीब (4)

ऊपर से नीचे

1. यह श्रीगणेश का एक नाम है, विनायक (4)
2. गिरोह का मुखिया, दलनायक (4)
3. आनंद, भोगलिप्सा, मनोरंजन (2)
4. आदान प्रदान, परस्परता, महाजनी (4)
5. एक पात्रीय भूमिका वाली विश्व की एकमात्र भारतीय फिल्म (1964)(2)
7. अंगूठे से तीसरी उंगली उपकनिष्ठिका (4)
10. रसहीन, रूखा, शुष्क (4)
13. अधर, रदपट, ओंठ, होंठ (2)
14. किसी को हानि पहुचाऐं बिना उस जैसा बनने की भावा (उर्दू)(2)
15. नया आया हुआ, आंगतुक, नई भर्ती (4)
17. प्रेमपात्र, प्रियतक, प्रिय (3)
18. पुरानी फिल्मों के दिवंगत हास्य-अभिनेता (निधन 4 सितंबर 2000) (3)
20. तड़क-भड़क, ठाट-बाट, वैभव (2)

### वर्ग पहेली 5492 का हल

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ब्रि | टे | न | ■ | भा | र | त | ■ |
| ग्रे | सू | ■ | रा | ई | ■ | त | ■ |
| ड | ■ | ह | ज | म | ■ | वा | दा |
| ■ | द | मा | ■ | हा | थ | र | स |
| ■ | ■ | म | हा | वी | र | ■ | कै |
| अ | सि | ■ | द | र | ■ | क | पि |
| ■ | फ | र | सा | ■ | आ | ह | ट |
| सू | र | त | ■ | ■ | ■ | ना | ल |

# देश में दूसरी श्वेत क्रांति के आगाज का आया समय

(विद्या महांबारे, प्रोफेसर, अर्थशास्त्र, जीएलआई)

भारत में श्वेत क्रांति के नेता वर्गीज कुरियन को बहुत याद किया जाता है। उन्होंने 1960-70 के दशक में देश में श्वेत क्रांति को मुकाम पर पहुंचाया था और भारत में दूध की कमी को दूर करने में मदद की थी। दूध और दूध से बने उत्पाद पौष्टिक आहार के लिए बहुत जरूरी हैं, खासकर बच्चों के लिए। निम्न-गुणवत्ता वाले आहार के बच्चों के स्वास्थ्य पर नकारात्मक असर होते हैं और ये प्रतिकूल प्रभाव उनके वयस्क होने तक रह सकते हैं।

परिवार का आकार भोजन पर खर्च को प्रभावित करता है, विशेष रूप से प्रोटीन युक्त भोजन, जैसे दूध, जो अपेक्षाकृत महंगा है। इसके चलते बड़े परिवारों में पौष्टिक खाद्य पदार्थों पर प्रति व्यक्ति खर्च घट जाता है। वैसे, भारत में खाद्य पदार्थों पर प्रति व्यक्ति खर्च के मामले में परिवार का आकार कितना मायने रखता है, इस पर बहुत कम शोध हुआ है। यहां हम ग्रामीण व शहरी भारत में दो प्रकार के परिवारों के लिए दूध और दूध के उत्पादों पर होने वाले खर्च पर विचार करते हैं- एक बच्चे वाले तीन सदस्यीय परिवार और दो बच्चों वाले चार सदस्यीय परिवार। ध्यान रहे, हमारे अनुमान भारत के राष्ट्रीय घरेलू उपभोग सर्वेक्षण 2022-23 के आंकड़ों पर आधारित हैं। इस राष्ट्रीय सर्वेक्षण में एक बच्चे वाले तीन सदस्यीय 18,179 परिवार व दो बच्चे वाले चार सदस्यीय 28,650 परिवार हैं।

हमने पाया कि एक बच्चे वाले परिवार ने 2022-23 में दूध पर प्रति व्यक्ति प्रतिमाह औसतन 443 रुपये खर्च किए, जबकि दो बच्चों वाले परिवार ने 376 रुपये खर्च किए। दूध पर औसत खर्च आम तौर पर उच्च आय वाले परिवारों में ज्यादा होता है, पर एक औसत आय वाले भारतीय परिवार में प्रति व्यक्ति दूध खर्च कम होता है। एक बच्चे वाला सामान्य परिवार दूध पर लगभग 329 रुपये और दो बच्चों वाला परिवार करीब 300 रुपये खर्च करता है। ज्यादातर परिवार शिक्षा, स्वास्थ्य और अन्य खाद्य पदार्थों को ज्यादा महत्व देते हैं, ऐसे में, दूध के बजट में कटौती हो जाती है। यहां चिंता इसलिए भी ज्यादा है कि गरीब परिवारों को पर्याप्त दूध नहीं मिल रहा है। गरीब परिवारों में बच्चों के बीच पोषण की कमी उनके स्वास्थ्य व शिक्षा नतीजों को प्रभावित कर रही है। ऐसे बच्चे, जब बड़े होते हैं, तब उनकी उत्पादकता तुलनात्मक रूप से कम होती है, जिससे देश में सामाजिक असमानता भी बढ़ती है। उत्तर भारत के अपेक्षाकृत गरीब राज्यों में ऐसी बड़ी आबादी है, जो दूध से वंचित है।

अगर हम एक औसत भारतीय घर की बात करें, राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण 2019-21 के आंकड़ों के अनुसार, 6 महीने से 2 साल की उम्र के बीच के 58 प्रतिशत बच्चों के माता-पिता ने बताया है कि उनके यहां दूध की खपत नहीं है, मतलब उन्हें दूध नहीं मिल रहा है। यहां ध्यान रहे कि बच्चों में अब लैक्टोज असहिष्णुता के मामले भी बहुत हैं।

## आज का राशिफल

### मेष
आज दिन खुशियों से भरा रहेगा। आपके रुके कार्य पूर्ण होने से आपको प्रसन्नता होगी और आपके आनंद में वृद्धि होगी। किसी से वाद विवाद या बहस करने में आपकी जीत होगी और आपको भाग्य का पूरा साथ मिलेगा। बिजनस के सिलसिले में किसी की सलाह लेने की जरूरत पड़ सकती है। लेकिन किसी बात पर अमल करने से पहले आप हर बात की जांच कर लें।

### वृषभ
आज लाभ होगा और आपकी सभी समस्याओं का समाधान होगा। आपके धन में वृद्धि होगी और रुके कार्य पूर्ण होंगे और जो लोग बिजनस करते हैं उनके लिए दिन मुनाफे से भरा होगा। किसी कॉम्पिटिशन में आपकी जीत हो सकती है, बशर्ते आप पूरी मेहनत और लगन से जुट जाएं।

### मिथुन
आज लाभ और सफलता का दिन है। कोई आपकी ख्वाहिश पूरी होगी और आपको काफी आत्मसंतोष होगा। किसी दूसरे से आपको अच्छी और काम की सलाह मिलेगी। ऑफिस में भी टीमवर्क के जरिए आप किसी कार्य को बेहतर ढंग से पूरा कर पाएंगे और आपके प्रदर्शन की सभी लोग तारीफ करेंगे।

### कर्क
आज दिन सफलता से भरा होगा और आपके पास कई बेहतरीन अवसर आएंगे और उनको आपको समझने में लाभ होगा। आपके पास खुद को साबित करने के कई मौके आएंगे और उनका आप अच्छे से लाभ लेंगे। यह भी सोच लीजिए कि मौके बार बार दरवाजे पर दस्तक नहीं देते।

### सिंह
आज करियर में लाभ होगा और आपको यदि कहीं से पहले उधार मिला था तो आप उसको चुका पाने में सफल होंगे। या फिर आपको कोई उधार वापस भी मिल सकता है। दिन से पहले हिस्से में दूसरों की आर्थिक मदद करने में ही अपना समय गुजारना पड़ सकता है। किसी कठिन समस्या का हल निकल आएगा।

### कन्या
आज करियर में लाभ का दिन है और आपके कुछ पुराने लटके कार्य पूर्ण हो जाएंगे। दिन के दूसरे हिस्से में अपने प्रिय के साथ घूमने फिरने का प्लान बनाया जा सकता है। बिजनस में किसी तरह का जोखिम उठाने का काम कर सकते हैं। उसमें आपको लाभ होगा। आपके धन में वृद्धि होगी और किस्मत साथ देगी और योजनाएं पूर्ण होंगी।

### तुला
आज दिन लाभ और सफलता से भरा होगा। आप अपनी कुछ पुरानी देनदारी चुकाने में कामयाब हो जाएंगे। कुछ जरूरी सामान की शापिंग करनी पड़ सकती है। अपनी जेब का खास ख्याल रखें। ऐसी चीजें कतई न खरीदें जो आपके काम में आने वाला नहीं हो। पैसों की बबार्दी करने से आपको जब उनकी जरूरत होगी तो वे आपके पास नहीं होंगे।

### वृश्चिक
आज दिन करियर के मामले में लाभ से भरा होगा। आज का दिन आपको बहुत बिजी रखेगा। दिन के पहले हिस्से में कुछ जरूरी फोन कॉल्स आने से आप काफी बिजी रहेंगे और आपको दिन भर भागदौड़ करनी पड़ सकती है। कोई पुराना दोस्त अचानक आपके सामने आकर खड़ा हो सकता है।

### धनु
आज दिन लाभ से भरा होगा। आपको कर्मक्षेत्र यानी ऑफिस में कुछ नए अधिकार दिए जा सकते हैं। किसी क्रिएटिव काम में भी आपकी रुचि बढ़ेगी और आपको सफलता प्राप्त होगी। जरूरी सामान की खरीद में शाम का समय बीतेगा। घर में बड़े बुजुर्गों से बहस करने से बचें तो आपके लिए अच्छा होगा।

### मकर
आज लाभ होगा और सफलता आपके कदम चूमेगी। आपका पूरा दिन नई शक्ति और एनर्जी से भरपूर होगा। ऑफिस में आपके प्रमोशन या सैलरी बढ़ाने की बात चल रही है तो वह आगे बढ़ सकती है और उस पर अधिकारियों की मोहर लग सकती है। आपको अपनी उमंगों पर काबू रखने की जरूरत है।

### कुंभ
आज दिन लाभ और सफलता से भरा होगा। आपको छुटपुट धन लाभ होने की संभावना है। कोई भी नौकरी शुरुआत में छोटी या बड़ी नहीं होती। अनुभव के बाद काम करने पर आपको हर कार्य में सफलता प्राप्त होगी। आपको कारोबार में मनचाहा लाभ होगा और आपकी सभी योजनाएं सफल होने से मन प्रसन्न रहेगा। किसी से पैसों का लेनदेन करने से बचें।

### मीन
आज करियर में सफलता का दिन है। आप अपने में मस्त रहेंगे। किसी भी विरोधी की आलोचना की तरफ बिल्कुल ध्यान न लगाएं। अपना काम करते रहें। सफलता एक दिन जरूर आपके कदम चूमेगी। आप अपने आपको बिजी रखने में विश्वास रखते हैं। आपका मन प्रसन्न रहेगा और कारोबार में धन से जुड़ी योजनाएं सफल होंगी। आपके धन में

## संक्षिप्त समाचार



## टीम इंडिया से कटने वाला शुभमन गिल का पत्ता?

**नईदिल्ली, एजेंसी।** भारत और बांग्लादेश के बीच तीन मैचों की टी20 सीरीज खेली जानी है. यह सीरीज 6 अक्तूबर से शुरू होगा. गिल को इस सीरीज से ब्रेक दिया जा सकता है. एक रिपोर्ट के मुताबिक वर्कलोड मैनेजमेंट को ध्यान में रखते हुए उन्हें आराम दिया जा सकता है. गिल काफी वक्त से लगातार खेल रहे हैं. उनके साथ-साथ जसप्रीत बुमराह और मोहम्मद सिराज को भी ब्रेक दिया जा सकता है. शुभमन गिल जिम्बाब्वे के बाद श्रीलंका दौरे पर गए थे. इसके बाद वे दिलीप ट्रॉफी 2024 में भी खेले और अब टेस्ट सीरीज में खेलेंगे. लिहाजा भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड का मैनेजमेंट गिल को ब्रेक दे सकता है. पीटीआई की एक खबर के मुताबिक शुभमन गिल के साथ-साथ जसप्रीत बुमराह और मोहम्मद सिराज को भी आराम दिया जा सकता है. टीम इंडिया बांग्लादेश के खिलाफ टी20 सीरीज के बाद कई टेस्ट मैच खेलेगी. ऐसे में टीम के अहम खिलाड़ियों का फिट रहना जरूरी है.

**आराम न मिलने पर रहता है इंजरी का खतरा :** टीम इंडिया के खिलाड़ी लगभग पूरा साल खेलते हैं. वे इंटरनेशनल के बाद इंडियन प्रीमियर लीग और डोमेस्टिक क्रिकेट भी खेलते हैं. ऐसे में अगर आराम नहीं दिया गया तो इंजरी का खतरा रहा है. इन्हीं बातों को ध्यान में रखते हुए बीसीसीआई सीनियर प्लेयर्स को ब्रेक देने पर विचार कर रही है. रोहित और विराट टी20 विश्व कप के बाद श्रीलंका दौरे पर गए थे. वे जिम्बाब्वे दौरे पर टीम इंडिया के साथ नहीं थे. वे दोनों टी20 से संन्यास भी ले चुके हैं. लिहाजा उन्हें आराम मिल जाएगा.

**6 अक्टूबर से टी20 सीरीज का होगा आगाज :** भारत और बांग्लादेश के बीच टी20 सीरीज का पहला मैच ग्वालियर में 6 अक्टूबर को खेला जाएगा. इसके बाद दूसरा मुकाबला 9 अक्टूबर को दिल्ली में आयोजित होगा. वहीं तीसरा मैच हैदराबाद में 12 अक्टूबर को खेला जाएगा.

हॉकीः

## एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी के सेमीफाइनल में टीम इंडिया की दक्षिण कोरिया से टक्कर

**हुलुनबुइर (चीन), एजेंसी।** भारतीय टीम ने कोरिया को 3-1 से हराने के बाद चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान पर 2-1 से जीत हासिल की। भारतीय टीम का प्रदर्शन शानदार रहा है। खिलाड़ियों ने प्रत्येक विभाग में बेहतर खेल दिखाया है।

शानदार फॉर्म में चल रही पेरिस ओलंपिक की कांस्य पदक विजेता भारतीय टीम सोमवार को होने वाले एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी (एसीटी) हॉकी टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में कोरिया के खिलाफ प्रबल दावेदार होगी। भारत ने अभी तक टूर्नामेंट में एक भी मैच नहीं गंवाया है, उसने पांचों लीग मैच जीते हैं। हरमनप्रीत सिंह की अगुआई वाली टीम ने अपने अभियान की शुरुआत मेजबान चीन पर 3-0 की जीत के साथ की। इसके बाद उसने जापान को 5-1 और मलेशिया को 8-1 से मात दी।

# नीरज चोपड़ा डायमंड ट्रॉफी जीतने से चूके

डायमंड लीग फाईनलः



**ब्रुसेल्स, एजेंसी।** पेरिस ओलंपिक के रजत पदक विजेता नीरज इस लीग के फाइनल में दूसरे स्थान के सिलसिले को तोड़ने के लिए उतरे थे। हालांकि, वह ऐसा नहीं कर सके और खिताब नहीं जीत पाए। वह दूसरे स्थान पर रहे।

भारतीय भाला फेंक स्टार नीज चोपड़ा का डायमंड लीग 2024 का खिताब जीतने का सपना अधूरा रह गया। शनिवार को ब्रुसेल्स में खेले गए फाइनल मुकावले में वह 87.86 मीटर के थ्रो के साथ दूसरे स्थान पर रहे। वहीं, ग्रेनेडा के एंडरसन पीटर्स ने 87.87 मीटर के थ्रो के साथ पहला स्थान हासिल किया और खिताब पर कब्जा जमाया। तीसरे स्थान पर जर्मनी के जूलियन वीबर रहे जिनका थ्रो 85.97 मीटर का रहा। पेरिस ओलंपिक के रजत पदक विजेता नीरज इस लीग के फाइनल में दूसरे स्थान के सिलसिले को तोड़ने के लिए उतरे थे। हालांकि, वह ऐसा नहीं कर सके और खिताब से चूक गए। नीरज ने पहले प्रयास में 86.82 मीटर का थ्रो किया और दूसरे स्थान पर पहुंचे जबकि उनसे पहले ग्रेनेडा के एंडरसन पीटर्स 87.87 के थ्रो के साथ शीर्ष पर पहुंच गए। दूसरे प्रयास में नीरज कुछ खास कमाल नहीं कर पाए। उन्होंने 83.49 मीटर का थ्रो किया और दूसरे स्थान पर बने रहे। वहीं, एंडरसन पीटर्स ने दूसरा थ्रो 86.96 का किया और पहले स्थान पर बरकरार रहे। तीसरे प्रयास में नीरज ने अच्छी वापसी की और 87.86 का थ्रो किया। हालांकि, वह दूसरे स्थान पर ही रहे। दरअसल, ग्रेनेडा के पीटर्स ने पहला थ्रो 87.87 मीटर का किया था। वहीं, एंडरसन ने तीसरे प्रयास में 85.40 मीटर का थ्रो किया और पहले स्थान पर एक बार फिर बने रहे।

नीरज चोपड़ा चौथे प्रयास में कुछ खास कमाल नहीं दिखा पाए। उन्होंने 82.04 मीटर का थ्रो किया और एक बार फिर उन्हें दूसरे स्थान से संतोष करना पड़ा। वहीं, एंडरसन ने चौथे प्रयास में 85.85 का थ्रो किया और पहले स्थान पर रहे।

पांचवां प्रयास भी नीरज के लिए कुछ खास नहीं रहा। उन्होंने 83.30 मीटर का थ्रो किया और दूसरे स्थान पर बरकरार रहे। वहीं, एंडरसन ने पांचवां थ्रो 84.11 मीटर का फेंका और पहले स्थान पर बरकरार रहे।

छठे प्रयास में नीरज ने वापसी की। उन्होंने 86.46 मीटर का थ्रो किया लेकिन उनके स्थान में कोई बदलाव नहीं हुआ। वह दूसरे स्थान पर रहे। वहीं, एंडरसन ने आखिरी थ्रो 87.86 मीटर का किया और पहले स्थान पर बने रहे।

## टीम इंडिया में जब तक गौतम गंभीर हैं, कोई नीरस पल नहीं आएगाः अजय जडेजा



**कोलकाता, एजेंसी।** भारत के पूर्व बल्लेबाज अजय जडेजा का मानना है कि मुख्य कोच गौतम गंभीर बांग्लादेश के खिलाफ आगामी दो मैचों की टेस्ट श्रृंखला में आक्रामक रुख बनाए रखेंगे और विपक्षी टीम को दबदबा बनाने का मौका नहीं देंगे। भारत 2 टेस्ट मैचों की श्रृंखला और तीन टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों की श्रृंखला के लिए बांग्लादेश की मेजबानी करेगा। बांग्लादेश के इस दौरे का आगाज 19 सितंबर से चेन्नई में शुरू होने वाले टेस्ट मैच से होगा।

जडेजा से जब गौतम गंभीर की मौजूदगी में टीम के दृष्टिकोण के बारे में पूछा गया तो उन्होंने कहा कि यह बिल्कुल साफ है, उनका दृष्टिकोण आक्रामक है। एक बात निश्चित है कि उनकी मौजूदगी में कोई नीरस पल नहीं आएगा, वह हमेशा कुछ न कुछ करने की कोशिश करेंगे। भारत के लिए 196 एकदिवसीय में 37.47 की औसत से 5359 रन बनाने वाले 53 साल के इस पूर्व दिग्गज ने कहा कि वह (गंभीर) ऐसा व्यक्ति नहीं होगा जो शांतचित रहकर चीजों को चलने दे। वह कुछ ऐसा करने की कोशिश करेंगे जो सबको आश्चर्यचकित करेगा। जैसे हमने सूर्यकुमार यादव को अचानक कप्तान बनते देखा था। मैं उस रोमांच का इंतजार कर रहा हूं जो हम देखने जा रहे हैं।

जडेजा से बंगाल क्रिकेट संघ के वार्षिक पुरस्कार समारोह के मौके पर जब यह पूछा गया कि वह इस टेस्ट श्रृंखला के लिए गंभीर को क्या सलाह देना चाहेंगे तो उन्होंने कहा कि मुझे उम्मीद है कि वह सुझाव नहीं मांगेंगे। वह वहां इसलिए है क्योंकि उन्होंने खुद को साबित किया है। उनका एक नजरिया है। उन्होंने कहा कि मुझे उम्मीद है कि वह किसी की सलाह नहीं लेंगे और अपना दृष्टिकोण नहीं बदलेंगे क्योंकि जिस चीज से आपको पहचान मिली है उस पर भरोसा कर के उस पर कायम रहना चाहिए। वह हमेशा बेहतर हो सकते हैं।

जडेजा ने भारत में 2023 वनडे विश्व कप के दौरान अफगानिस्तान टीम के मेंटर के रूप में काम किया था। बांग्लादेश पाकिस्तान में ऐतिहासिक टेस्ट श्रृंखला जीत कर आ रहा है लेकिन जडेजा ने कहा कि भारत कहीं बेहतर टीम है। उन्होंने कहा कि कोई भी टीम जब जीतकर आती है वह हमेशा सोचती है कि वह जीत सकती है लेकिन इस समय पाकिस्तान और भारत क्रिकेट टीम में काफी अंतर है।

भारत कहीं बेहतर टीम है। उन्होंने कहा कि बांग्लादेश के नजरिए से देखे तो वे सोचेंगे कि अगर पाकिस्तान को हराया है तो भारत को भी शिकस्त दे सकते है लेकिन भारत की टीम पाकिस्तान से काफी बेहतर है।

## फेवरेट तो हम ही हैं, चिंता उन्हें होनी चाहिएः शमी

- बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी पर बोले भारतीय पेसर; कहा- 100 प्रतिशत फिट होने पर ही वापसी करूंगा



**नईदिल्ली, एजेंसी।** 34 साल के तेज गेंदबाज ने शनिवार को बंगाल क्रिकेट एसोसिएशन के अवॉर्ड शो में हिस्सा लिया। शमी हृष्ट में टखने की चोट से रिकवर कर रहे हैं। ऑस्ट्रेलियाई टीम भारत को पिछली 4 टेस्ट सीरीज से नहीं हरा सकी है। बंगाल एनुअल अवॉर्ड्स सेरेमनी 2023-24 के समय बाएं से सीएबी प्रेजिडेंट स्नेहाशीष गांगुली, मोहम्मद शमी, सौरव गांगुली, संदीप पाटिल और अजय जड़ेजा साथ में।

जब तक पूरी तरह फिट नहीं हो जाता, जोखिम नहीं उठाऊंगा- शमी शमी ने टीम इंडिया में वापसी के सवाल पर कहा- मैं जबरदस्ती और जल्दबाजी नहीं करना चाहता हूं। मैं 100 फीसदी फिट होकर मैदान पर लौटना चाहता हूं।

शमी ने कहा, मैं जितना मजबूत होकर वापस आऊंगा, मेरे लिए उतना ही बेहतर होगा। मैं जल्दबाजी नहीं करना चाहता, क्योंकि फिर से चोटिल होने का जोखिम नहीं उठाना चाहता, चाहे वे बांग्लादेश, न्यूजीलैंड या ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सीरीज हो।उन्होंने कहा- मैंने पहले ही गेंदबाजी शुरू कर दी है। शमी ने आखिरी इंटरनेशनल मैच 2023 वनडे वर्ल्ड कप में खेला था। वे ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ फाइनल मैच में चोटिल हो गए थे।

रणजी ट्रॉफी खेल सकते हैं शमी शमी अक्टूबर में होने वाली रणजी ट्रॉफी में खेलते दिख सकते हैं। वे बंगाल की ओर से 11 अक्टूबर को यूपी और 18 अक्टूबर को बिहार के खिलाफ मैच में उतर सकते हैं। यदि वो डोमेस्टिक क्रिकेट खेलते हैं तो न्यूजीलैंड के खिलाफ टेस्ट मैचों में से इंडियन टीम में वापसी कर सकते हैं।

अगर मुझे अपनी फिटनेस जांचने के लिए डोमेस्टिक खेलने की जरूरत पड़ी, तो मैं खेलूंगा। सबसे अहम बात यह है कि मैं आगे आने वाली किसी भी चुनौती के लिए पूरी तरह तैयार हूं, चाहे टीम हो या फॉर्मेट। मैं अक्सर कहता हूं कि मैं यूपी में पैदा हुआ, लेकिन बंगाल में बना हूं, यहां 20 साल से अधिक का सफर तय किया है मैंने और मैं बंगाल से मिले प्यार और समर्थन के लिए आभारी हूं।

सीपीएल-2024

## राजस्थान रॉयल्स की टीम ने रोका गयाना अमेजन वारियर्स का विजय रथ

### साउथ अफ्रीकी खिलाड़ी ने ठोका धुआंधार शतक



**नईदिल्ली, एजेंसी।** कैरेबियन प्रीमियर लीग 2024 में रविवार (15 सितंबर) को राजस्थान रॉयल्स की फ्रेंचाइजी बारबडोस रॉयल्स ने गयाना अमेजन वॉरियर्स का विजय रथ रोक दिया और पॉइंट टेबल में शीर्ष पर पहुंच गई।

लगातार तीन जीत के बाद गयाना अमेजन वॉरियर्स की यह पहली हार है। टीम के नियमित कप्तान इमरान ताहिर यह मैच नहीं खेले। बारबडोस रॉयल्स की जीत के हीरो साउथ अफ्रीकी दिग्गज क्विंटन डिकॉक रहे। उन्होंने तूफानी शतक जड़ा। बारबडोस रॉयल्स ने पहले बल्लेबाजी का न्योता मिलने के बाद 20 ओवर में 6 विकेट पर 205 रन बनाए। डिकॉक ने 68 गेंद पर 8 चौके और 9 छक्के की मदद से 115 रन बनाए।

इसके अलावा जेसन होल्डर ने 10 गेंद पर नाबाद 28 रन बनाए। कदीम एलीने ने 9 गेंद पर 22 रन बनाए। एलिक अथनाजे ने 16 रन बनाए। गयाना अमेजन वॉरियर्स के लिए रेमन रीफर ने 3 विकेट लिए, लेकिन 50 रन लुटा दिए। ड्वेन प्रीटोरियस ने 27 रन देकर 2 विकेट लिए।

### गयाना अमेजन वॉरियर्स की पारी

गयाना अमेजन वॉरियर्स की टीम 206 रन के टारगेट के जवाब में 5 विकेट पर 173 रन ही बना पाई। कार्यवाहक कप्तान शाई होप ने सबसे ज्यादा 40 रन बनाए, लेकिन इसके लिए 34 गेंद खेल गए। शिरमोन हेटमायर ने 10 गेंद पर 28 रन ठोके। मोईन अली ने 19 गेंद पर 33 रन ठोके। कीमो पॉल ने 18 गेंद पर नाबाद 30 रन बनाए। रेमन रीफर ने 16 गेंद पर नाबाद 16 रन बनाए। टिम रॉबिनसन ने भी 19 गेंद पर 19 रन बनाए।

### सीपीएल 2024 पॉइंट टेबल

बारबडोस रॉयल्स के केशव महाराज ने 42 रन देकर 3 विकेट लिए। जेसन होल्डर ने 32 रन देकर 2 विकेट लिए। इस जीत के साथ रॉयल्स 5 मैच में 4 जीत के साथ शीर्ष पर पहुंच गए। गयाना अमेजन वॉरियर्स 4 में से 3 जीत के साथ दूसरे नंबर पर हैं। ट्रिनबागो नाइट राइडर्स 4 मैच में 6 अंक के साथ तीसरे और सेंट लूसिया किंग्स 5 मैच में 6 अंक के साथ चौथे नंबर पर है। एंटीगुआ एंड बारबुडा फाल्कन्स 7 मैच में 4 अंक के साथ 5वें और सेंट किट्स एंड नेविस पैट्रियट्स 7 मैच में 1 जीत के साथ छठे नंबर पर है।

## ऑस्ट्रेलिया के खूंखार बल्लेबाज ने जमकर की अश्विन की तारीफ, घोषित किया स्पिन का महान गेंदबाज



**नईदिल्ली, एजेंसी।** हाईप्रोफाइल बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी सीरीज से पहले ऑस्ट्रेलिया के ओपनिंग बल्लेबाज उस्मान ख्वाजा ने भारतीय ऑफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन की उनकी सामरिक प्रतिभा और ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाजी क्रम को लगातार चुनौती देने के लिए तारीफ की है.

22 नवंबर को पर्थ में शुरू होने वाले पहले टेस्ट से पहले ख्वाजा ने अश्विन के बेजोड़ टैलेंट को स्वीकार किया, उन्हें एक रणनीतिक गेंदबाज कहा जो लगातार अपने विरोधियों को मात देने की कोशिश करता है.

**ऑस्ट्रेलिया के खूंखार बल्लेबाज ने जमकर की अश्विन की तारीफः** उस्मान ख्वाजा ने स्टार स्पोर्ट्स को बताया, रवि एक बहुत अच्छा गेंदबाज है. वह बहुत रणनीतिक है; उसके पास हमेशा एक योजना होती है. वह इसे समझने और खेल में आगे रहने की कोशिश करता है, जिसका मैं सम्मान करता हूं.

मैं उसके क्रिकेटिंग दिमाग का सम्मान करता हूं. उसके खिलाफ खेलना हमेशा अच्छा लगता है, और मैं चुनौती का इंतजार करता हूं. ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ अश्विन का रिकॉर्ड अपने आप में बहुत कुछ कहता है, उन्होंने 22 टेस्ट में 2.70 की शानदार इकोनॉमी के साथ 114 विकेट लिए हैं.

## ईशान किशन की 9 महीने बाद टीम इंडिया में हो सकती है वापसी



**नईदिल्ली, एजेंसी।** टीम इंडिया से ईशान किशन की दूरियां अब मिट सकती है. टीम में फिर से वापसी का उनका इंतजार अब खत्म हो सकता है. ऐसा भारत-बांग्लादेश सीरीज के दौरान ही होता दिख सकता है. ईशान किशन ने भारत के लिए आखिरी मैच पिछले साल नवंबर में ञ20 के तौर पर खेला था. उसके बाद से ही वो टीम इंडिया से दूर हैं. लेकिन, 9 महीने बीत जाने के बाद उनकी वापसी के फिर से आसार जगे हैं. ये संभावना कैसे जगी है, अब जरा वो समझिए.

खबर के मुताबिक ईशान किशन का सेलेक्शन बांग्लादेश के खिलाफ 3 टी-20 मैचों की सीरीज के लिए हो सकता है. रिपोर्ट के मुताबिक ईशान का चयन अ सीरीज में ऋषभ पंत की जगह हो सकता है. ऋषभ पंत लंबे फॉर्मेट में भारत के नंबर वन विकेटकीपर हैं. भारतीय टीम को आगे अभी कई सारे लंबे फॉर्मेट यानी टेस्ट क्रिकेट मुकाबले खेलने हैं. ऐसे में भारतीय सेलेक्टर्स बांग्लादेश के खिलाफ टी-20 सीरीज से ब्रेक देकर पंत के वर्कलोड को मैनेज करना चाहेंगे.

ऋषभ पंत को अगर बांग्लदेश के खिलाफ टी-20 सीरीज से आराम मिला तो इस बात की पूरी संभावना बनेगी कि ईशान किशन टीम इंडिया में 9 महीने बाद वापसी कर सकते हैं. इशान किशन को अनुशासनहीनता को लेकर टीम से बाहर किया गया था.

# अंशुल कंबोज ने 8 विकेट लेकर मचाई सनसनी

दलीप ट्रॉफीः



**नईदिल्ली, एजेंसी।** दलीप ट्रॉफी के दूसरे दौर में इंडिया बी और इंडिया सी का मुकाबला जारी है. अनंतपुर में खेले जा रहे इस मैच के चौथे दिन इंडिया सी के गेंदबाज अंशुल कंबोज ने एक ही पारी में 8 विकेट सनसनी मचा दी है. उन्होंने इसके लिए 27.5 ओवर में सिर्फ 69 रन खर्च किए. अपनी जबरदस्त गेंदबाजी से कंबोज ने अपना नाम इस टूर्नामेंट के इतिहास में दर्ज करवा लिया है.

दलीप ट्रॉफी में ये सिर्फ तीसरी बार हुआ है, जब किसी तेज गेंदबाज ने एक पारी में 8 विकेट चटकाए हैं. इसके पहले अशोक डिंडा और देबासिस मोहंती ही ये कारनामा कर सके हैं. डिंडा ने 2012 में 123 रन देकर 8 विकेट और मोहंती ने 2001 में 46 रन देकर 10 विकेट लिया था.

### इंडिया बी पर बरपाया कहर

अंशुल कंबोज ने खेल के तीसरे और चौथे दिन इंडिया बी के बल्लेबाजों पर अपनी तेज गेंदबाजी के कहर बरपाया. घरेलू क्रिकेट में हरियाणा के लिए खेलने वाले अंशुल ने खेल के तीसरे दिन इस टूर्नामेंट के सबसे चर्चित बल्लेबाज मुशीर खान को सिर्फ 1 रन के निजी स्कोर पर पवेलियन भेजा था. इसके अलावा उन्होंने सरफराज खान और रिंकू सिंह जैसे बड़े बल्लेबाजों को आउट किया था.

इस तरह तीसरे दिन का खेल खत्म होने तक उन्होंने कुल 5 विकेट हासिल किए. वहीं चौथे और आखिरी दिन उन्होंने पहले ही सेशन में निचले क्रम के 3 बल्लेबाजों को चलता किया और कुल 8 विकेट अपने नाम किए.

ऋतुराज गायवाड़ की कप्तानी वाली इंडिया सी ने पहली पारी में 525 रन ठोक दिए थे. बल्लेबाजी में ईशान किशन ने शतक और बाबा इंद्रजीत, गायकवाड़ और मानव सुथार ने अर्धशतक जड़े थे.

वहीं गेंदबाजी में अंशुल कंबोज ने दम दिखाया, जिसकी बदौलत इंडिया सी ने अभिमन्यु ईश्वरन की कप्तानी वाली इंडिया बी को 332 पर ऑल आउट कर दिया. इसके साथ ही टीम के पास पहली पारी में 193 रन की भारी बढ़त हो गई है.

### आईपीएल में 20 लाख में बिके

अंशुल कंबोज आईपीएल में मुंबई इंडियंस के लिए खेलते हैं. मुंबई ने उन्हें 2024 सीजन के लिए 20 लाख रुपए में खरीदकर टीम में शामिल किया. 23 साल के इस गेंदबाज ने पिछले सीजन में सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ डेब्यू भी किया था. हालांकि, पहला सीजन उनके लिए कुछ खास नहीं रहा था. उन्हें सिर्फ 3 मुकाबले खेलने का मौका मिला था, जिसमें वह काफी महंगे साबित हुए और महज 2 विकेट चटका सके थे. कंबोज घरेलू क्रिकेट में हरियाणा के लिए 14 फर्स्ट क्लास मैच खेल चुके हैं. इस दौरान वह 27 विकेट चटकाने में सफल रहे हैं. वहीं लिस्ट ए 15 मुकाबलों में 23 विकेट अपने नाम किए हैं

